# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**उच्च माध्यमिक परीक्षा–2026 की उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा एवं उत्तर–पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु व परीक्षार्थियों के सूचनार्थ**

**क्रमांकः गोप./मा./2026/SPL-3** **दिनांकः 31.03.2026**

उच्च माध्यमिक परीक्षा–2026 में प्रविष्ठ हुए सभी परीक्षार्थी, परीक्षा परिणाम घोषणा तिथि से 07 दिवस में एवं उसके पश्चात् आगामी 03 दिवस में विलम्ब शुल्क से उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा कराने एवं संवीक्षा उपरान्त स्कैन प्रति प्राप्त करने हेतु बोर्ड वेबसाईट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर **SCRUTINY-2026** लिंक पर नियत तिथि तक (स्वप्रमाणित आई.डी. अपलोड कर) ई– मित्र अथवा अभ्यर्थी स्वंय के स्तर से बोर्ड वेबसाईट पर सीधे ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सीधे आवेदन करने पर शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड से तथा ई–मित्र से आवेदन करने पर शुल्क (सेवा शुल्क सहित) ई–मित्र पर जमा कराना होगा। विस्तृत जानकारी बोर्ड वेबसाईट से ली जा सकती है।

**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1957 के तहत बने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विनियम 1957 के अध्याय 16 नियम (13) (5) के प्रावधान अनुसार संवीक्षा में उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनःजांच (Re-Examination) करना समाविष्ट नहीं है।** संवीक्षा के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता, अन्दर–बाहर (केजिंग) में भिन्नता, योग में त्रुटि, किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि त्रुटियों का निवारण करने की दृष्टि से की जाती है।

अन्तिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को क्रमबद्ध/पंजीकरण कर SMS द्वारा परीक्षार्थी के प्रार्थना–पत्र में अंकित मोबाईल नं. पर पंजीकरण संख्या एवं आवेदित विषयों की सूचना अन्तिम दिनांक के पश्चात् दी जावेगी। संवीक्षा की नियत प्रकिया पूर्ण कर प्रतिदिन निस्तारित प्रकरणों का परिणाम/आवेदित विषय की उत्तर–पुस्तिका वेबसाईट पर दिये लिंक पर अपलोड कर आवेदित मोबाईल नं. पर SMS द्वारा **'Password'** उपलब्ध करवाया जावेगा। **परीक्षार्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका ऑनलाईन देखकर डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकेगें। ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी अपना स्वयं का सही मोबाईल नम्बर व ई–मेल अंकित करें। मोबाईल नं0 व ई–मेल गलत अंकित करने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा। एक मोबाईल नम्बर व ई–मेल को एक बार ही प्रयुक्त किया जा सकेगा। ई–मित्र कियोस्क धारक का मोबाईल नम्बर/ ई–मेल दर्ज करना अनुचित एवं नियम विरूद्ध माना जावेगा।**

सभी विषयों में संवीक्षा परिणाम का संदेश प्राप्त होने की तिथि से निर्धारित 05 दिवस की अवधि में उ0पु0 का अवलोकन कर यदि कोई आपत्ति हो तो निकटतम ई–मित्र द्वारा अथवा सीधे आवेदन–पत्र भरकर/प्रमाण संलग्न कर निर्धारित शुल्क रू. 100/– प्रति विषय के साथ में ऑनलाईन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

<u>नोटः</u>

1. विस्तृत जानकारी, नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन पत्र प्रारूप/प्रक्रिया आदि बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है।
2. समस्त परीक्षाओं के परिणाम घोषणा दिवस से उक्त निर्धारित समयावधि में आवेदन किया जा सकता है।
3. निर्धारित तिथि के बाद व डाक से प्राप्त आवेदन–पत्र व आपत्ति स्वीकार्य नहीं होंगी।
4. किसी भी प्रकार की जानकारी/आवेदक अपने सवीक्षा की वर्तमान **STATUS** की जानकारी बोर्ड वेबसाईट पर **'SCRUTINY-2026'** लिंक पर प्राप्त की जा सकती है।
5. एक परीक्षार्थी को आवेदन हेतु एक ही अवसर देय होगा। अतः एक बार ही आवेदन में वांछित सभी विषय (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) अंकित करें।
6. संवीक्षा/आपत्ति में अंकों में कमी अथवा वृद्धि के उपरान्त परिणाम/अंकों में संशोधन होगा तद्नुसार परिणाम/संशोधित अंक प्रभावी होगे एवं उसी अनुरुप संशोधित अंकतालिका जारी की जायेगी।
7. संवीक्षा उपरान्त आवेदित विषय/विषयों में अंक परिवर्तन होने अथवा नहीं होने की किसी भी स्थिति में संवीक्षा प्रक्रिया शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

सचिव

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**परीक्षा–2026 की संवीक्षा एवम् उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु आवेदन**

1. परीक्षा का नाम (मा./उ.मा./प्रवे./व.उ./व्या.)
2. परीक्षार्थी का नामांक :
3. परीक्षार्थी का नाम :
4. पिता का नाम :
5. आवेदित विषय (आवेदन हेतु एक ही अवसर प्रदान किया जावेगा, अतः एक बार में वांछित सभी विषय भरें)

| क्र.सं. | विषय का नाम मय सैद्धान्तिक अथवा प्रायोगिक | Paper Code Th./Pract. |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |

6. पहचान हेतु स्वयं की सत्यापित आई.डी. अपलोड करें: (इनमें से कोई एक आधार कार्ड, पेन कार्ड अथवा वोटर कार्ड)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आधार कार्ड नं. | |
| 2 | पैन कार्ड नं. | |
| 3 | वोटर कार्ड नं. | |

7. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :

Tehsil/Dist.

पिन कोड –

8. मोबाईल नम्बर * :
9. ई–मेल आई.डी. * :

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाऐं/विवरण मेरी जानकारी अनुसार पूर्णतया सही एवम् सत्य है। मैंने स्वयं ने परीक्षा दी है एवं मुझे उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति की आवश्यकता है। किसी अन्य अभ्यर्थी के लिये आवेदन नहीं किया है। मैंने नियमों/निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर ही आवेदन किया है जिन्हें स्वीकार करता/करती हूँ।

संवीक्षा नियम/शर्तों के लिए यहाँ लिंक करें।

**Accept** | **Decline**

नोट :–
1. उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति एवं आवेदक की आपत्तियों का निस्तारण ऑनलाईन ही किया जावेगा। अतः आवेदक अपना ही मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. आवश्यक रूप से दें, अपूर्ण/गलत होने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
2. सभी विषयों में आपत्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन पूर्व प्रदत्त आई.डी. के द्वारा संवीक्षा परिणाम की सूचना का SMS/E-mail भेजे जाने की तिथि से 05 दिवस की अवधि में करना होगा।
3. पुनःजांच (**Re-examination**) हेतु भी आवेदन ऑनलाईन पूर्व प्रदत्त आई.डी. के द्वारा संवीक्षा परिणाम की सूचना का SMS/ E-mail भेजे जाने की तिथि से 05 दिवस की अवधि में करना होगा। पुनःजांच (**Re-examination**) माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में करवाई जा सकती है।
4. निर्धारित अवधि के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं होगें।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा–2026 संवीक्षा/आपत्ति/उत्तर–पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने हेतु व माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में पुनः जांच (Re-Examination) के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों के मार्गदर्शनार्थ नियम/निर्देश

### (01) आवेदन करने व संवीक्षा प्रक्रिया शुल्क सम्बन्धी :–

1. अभ्यर्थी बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध संवीक्षा आवेदन–पत्र निकटतम ई–मित्र केन्द्र/स्वयं के स्तर पर परिणाम घोषणा तिथि से 07 दिवस की अवधि में सामान्य शुल्क रूपये 400/– प्रति विषय/प्रति उत्तर–पुस्तिका एवम् उसके पश्चात् आगामी 03 दिवसों में विलम्ब शुल्क रूपये 400/– (कुल रूपये 800/– विलम्ब शुल्क सहित) प्रति विषय/प्रति उत्तर पुस्तिका के साथ नियत तिथि तक (स्वप्रमाणित आई.डी. अपलोड कर) ऑनलाईन निर्धारित शुल्क जमा कर अभ्यर्थी स्वंय के स्तर/ई–मित्र केन्द्र पर बोर्ड वेबसाइट पर 'SCRUTINY-2026' लिंक पर आवेदन कर सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप परीक्षार्थियों के सुविधार्थ बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। **डाक से आवेदन–पत्र/प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** सीधे आवेदन करने पर शुल्क नेट बैंकिग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड/ऑनलाईन तथा ई–मित्र से आवेदन करने पर शुल्क (सेवा शुल्क सहित) ई–मित्र पर जमा कराना होगा। **परीक्षार्थी स्वयं के लिये ही आवेदन करें, अन्य किसी के लिये आवेदन करना दण्डनीय अपराध माना जावेगा। डाक द्वारा अथवा ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाऐंगें।**

2. **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1957 के तहत बने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विनियम 1957 के अध्याय 16 नियम (13) (5) के प्रावधान अनुसार संवीक्षा में उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनःजांच (Re-examination) करना समाविष्ट नहीं है।** संवीक्षा के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता, अन्दर–बाहर (केजिंग) में भिन्नता, योग में त्रुटि, किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि त्रुटियों का निवारण करने की दृष्टि से की जाती है। इस वर्ष से संवीक्षा उपरान्त माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में पुनःजांच **(Re-examination)** कराने का प्रावधान किया गया है।

3. आवेदन–पत्र के साथ परीक्षार्थी को स्वयं की प्रमाणित आई.डी. यथा आधार कार्ड/पेन कार्ड/ वोटर कार्ड इनमें से कोई एक आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी।

4. सामान्य शुल्क रू. 400/– एवम विलम्ब शुल्क सहित रू. 800/– प्रति विषय उत्तर–पुस्तिका शुल्क निर्धारित है। ई–मित्र से आवेदन करने पर शुल्क (सेवा शुल्क सहित) ई–मित्र पर जमा कराना होगा।

5. **संवीक्षा उपरान्त आवेदित विषय/विषयों में अंक परिवर्तन होने अथवा नहीं होने की किसी भी स्थिति में संवीक्षा प्रक्रिया शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।**

6. जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा निहित है, उनमें परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा की भी संवीक्षा/ उत्तर–पुस्तिका प्राप्त कर सकता है। अतः परीक्षार्थी आवेदन करने से पूर्व ध्यानपूर्वक विषय/सैद्धान्तिक/प्रायोगिक का चयन निर्धारित कॉलम में आवश्यक रूप से करें। एक बार आवेदन करने के बाद परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

7. **परीक्षार्थी/अभिभावक को जानकारी के लिए यह भी सूचित किया जाता है कि संवीक्षा/आपत्ति/पुनःजांच (Re-examination) में अंकों में वृद्धि होने पर अंकों में वृद्धि की जाएगी अथवा अंकों में कमी होने पर अंकों में कमी भी की जाएगी एवं तद्नुसार जारी अंकतालिका मान्य व प्रभावी होगी।**

8. **यदि परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक परीक्षा के योग्य घोषित है तो उसके द्वारा पूरक परीक्षा के लिये (संवीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा किये बगैर) आगामी परीक्षा/प्रवेश/अन्य निर्धारित अवधि में आवेदन किया जाना चाहिए। इसी प्रकार की कार्यवाही उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण के प्रकरण में भी की जानी चाहिए।**

9. **<u>अति महत्वपूर्ण</u> – प्रत्येक परीक्षार्थी को आवेदन हेतु एक ही अवसर देय होगा, अर्थात् परीक्षार्थी संवीक्षा हेतु केवल एक बार ही आवेदन कर सकेगा। अतः परीक्षार्थी स्वयं भली–भांति सुनिश्चित होकर एक ही आवेदन में उन सभी विषयों का उल्लेख करें जिनमें वह संवीक्षा कराना चाहता है। परीक्षार्थी चाहे तो सभी विषयों की संवीक्षा हेतु आवेदन कर सकता है।**

10. अभ्यर्थी आवेदन करते समय 'SUBMIT' करने से पूर्व अंकित सभी प्रविष्टियों की गहनता से जांच कर लें। ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ अपनी एक आई.डी. अपलोड करें। **<u>आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी बोर्ड को नहीं भिजवानी है।</u>**

11. परीक्षार्थी आवेदन करते समय अंकित प्रविष्टियों की ध्यानपूर्वक जांच कर लें। विशेष रूप से विषय/सैद्धान्तिक/प्रायोगिक/ई–मेल आई.डी., मोबाईल नम्बर आदि परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन–पत्र में आवश्यक रूप से भरें, एक ई–मेल आई.डी तथा एक मोबाईल नम्बर का ही पंजीयन किया जायेगा। आवेदन–पत्र के निस्तारण के बाद संवीक्षा परिणाम एवम् उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति ऑनलाईन भेजी जाकर उसके इसी मोबाईल नं0 पर इस आशय की सूचना व 'Password' भेजा जावेगा, जिसके आधार पर 05 दिवस में परिणाम/उत्तर–पुस्तिका देख/डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकता है। ई–मेल/मोबाईल नम्बर में त्रुटि होने पर गलत स्थान पर परिणाम की सूचना व स्कैन उत्तर–पुस्तिका पहुंच सकती है, **<u>जिसके लिये परीक्षार्थी स्वंय जिम्मेदार रहेगा।</u>** बोर्ड आवेदन–पत्र में भरी गई सूचना के आधार पर उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा करता है एवम् उत्तर–पुस्तिका की स्कैन प्रति व परिणाम की सूचना प्रेषित करता है। अतः आवेदित विषय व वांछित सूचना की जांच भली भांति कर लेवें।

12. अन्तिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को क्रमबद्ध कर पंजीकरण कर SMS द्वारा उसके प्रार्थना–पत्र में अंकित मोबाईल पर पंजीकरण संख्या एवं आवेदित विषयों की सूचना एक सप्ताह में दी जावेगी। नियत प्रकिया पूर्ण कर प्रतिदिन निस्तारित आवेदन पत्रों का परिणाम/आवेदित विषय की उत्तर–पुस्तिका बोर्ड वेबसाईट पर दिये लिंक 'SCRUTINY 2026' पर अपलोड कर आवेदन पत्र में अंकित मोबाईल पर SMS द्वारा 'Password' उपलब्ध करवाया जावेगा जिससे परीक्षार्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका 05 दिवस में **bsercopy.online.in** पर ऑनलाईन देख/डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकेगें। 05 दिवस पश्चात् उत्तर–पुस्तिका हटा ली जावेगी।

**(02) <u>आवेदन करने के पश्चात् प्रक्रिया</u> :–**

1. परीक्षा/वर्ग के लिये निर्धारित विलम्ब शुल्क की अंतिम तिथि के बाद आवेदित सभी परीक्षार्थियों के डाटा क्रमबद्ध कर प्रत्येक परीक्षार्थी को पंजीकरण संख्या का आवंटन कर आवेदन पत्र में अंकित मोबाईल पर पंजीकरण संख्या एवम् आवेदित विषयों का नाम सूचित किया जावेगा। इससे परीक्षार्थी आश्वस्त हो सकेगा कि उसका आवेदन पत्र बोर्ड को प्राप्त हो गया है एवम् प्रक्रियाधीन है।

2. आवेदन पत्रों का निस्तारण परीक्षावार/संकायवार/क्रमानुसार किया जाता है।
3. बोर्ड स्तर पर वांछित कार्यवाही उपरान्त आवेदन पत्र का निस्तारण होने के बाद संवीक्षा परिणाम यथा Change अथवा No Change की सूचना मय उत्तर–पुस्तिका स्कैन कॉपी के साथ बोर्ड वेबसाईट पर 'SCRUTINY-2026' लिंक पर अपलोड की जाकर इसकी सूचना परीक्षार्थी को SMS & E-mail पर भी दी जायेगी एवम् 'Login Id' व 'Password' भेजा जावेगा।
4. संवीक्षा के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता, अन्दर–बाहर (केजिंग) में भिन्नता, योग में त्रुटि, किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि त्रुटियों का निवारण किया जाएगा।
5. उक्त Login Id/Password के आधार पर 05 दिवस के भीतर वेबसाईट पर 'SCRUTINY-2026' लिंक से अपनी उत्तर–पुस्तिका देख/डाउनलोड/ प्रिन्ट कर सकता है।
6. परीक्षार्थी आवश्यक रुप से 05 दिवस में उत्तर–पुस्तिका देख लें। 05 दिवस पश्चात् उत्तर–पुस्तिका वेबसाईट से हटा ली जायेगी जिसके लिए परीक्षार्थी/आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।

**(03) उत्तर–पुस्तिका/परिणाम प्राप्त होने के बाद आपत्ति एवं माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में पुनः जांच के सम्बन्ध में –**

1. बोर्ड द्वारा नियमान्तर्गत उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा करवाकर यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसका निस्तारण करने के बाद ही उत्तर–पुस्तिका की स्कैन कॉपी भेजी जाती है।
2. यदि उत्तर–पुस्तिका प्राप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उसे प्राप्त SMS & E-mail प्रेषण के 05 दिवस में निकटतम ई–मित्र अथवा स्वंय के स्तर पर आपत्ति के निर्धारित प्रपत्र में मय विवरण यथा विषय का नाम, प्रश्न संख्या, पृष्ठ संख्या व आपत्ति के संबंध में प्रमाण सहित निर्धारित आपत्ति शुल्क रूपये 100/– प्रति विषय के साथ ऑनलाईन आवेदन कर दें। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। आपत्तियाँ ऑनलाईन ही स्वीकार होंगी। **ऑफलाईन/हार्डकॉपी में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।** शुल्क बिन्दु 01 (1) की प्रक्रियानुसार जमा कराया जा सकता है**। एक से अधिक विषय होने पर भी एक बार में आवेदन करना होगा। एक से अधिक बार आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।** परीक्षार्थी से प्राप्त आपत्ति को आपत्ति निवारण समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाकर संवीक्षा नियमान्तर्गत निस्तारण किया जायेगा जिसकी सूचना परीक्षार्थी के मोबाईल पर ऑनलाईन भेजी जावेगी। आपत्ति सम्पूर्ण तथ्यों/आधारों/विवरण/प्रमाण सहित प्रस्तुत की जावे। अपूर्ण विवरण/प्रमाण होने पर परीक्षार्थी स्वयं की जिम्मेदारी रहेगी। आवेदक की आपत्ति पर बोर्ड द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र अजमेर होगा। **डाक से आपत्ति प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें।**
3. **इस वर्ष से माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में पुनःजांच (Re-Examination) का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय में संवीक्षा उपरान्त आपत्ति/पुनःजांच (Re-Examination) करवा सकता है। आपत्ति शुल्क रुपये 100/– प्रति विषय तथा पुनःजांच (Re-Examination) शुल्क रुपये 100/– प्रति प्रश्न रहेगा। पुनःजांच (Re-Examination) हेतु आवेदन पत्र में प्रश्न संख्या व पृष्ठ संख्या अनिवार्य रुप से अंकित करें। संवीक्षा परिणाम के SMS/E-mail भेजने की तिथि से 05 दिवस की निर्धारित अवधि में ही आपत्ति/पुनःजांच (Re-Examination) हेतु ऑनलाईन ही आवेदन किये जा सकेगें। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें। माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय की पुनःजांच के पश्चात् बोर्ड द्वारा प्रदत्त अंक ही अन्तिम एवं मान्य होगें, इसके विरुद्ध किसी भी प्रकार की अपील स्वीकार नहीं होगी।**

4. परीक्षार्थी की आपत्ति प्राप्त होने के बाद प्राप्त आपत्ति को आपत्ति निवारण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, आपत्ति निवारण समिति द्वारा संवीक्षा नियमान्तर्गत की गई अनुशंषा के आधार पर आपत्ति का निवारण किया जाकर परीक्षार्थी को ऑनलाईन सूचित किया जावेगा, **जो अंतिम होगा।**
5. विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर यह देखा गया है कि परीक्षार्थी अपने अंकों में वृद्धि की अपेक्षा में तुरन्त आपत्ति प्रस्तुत कर देता है, परन्तु विगत वर्षों में ऐसी आपत्तियों पर आपत्ति निवारण समिति के विश्लेषण के आधार पर अधिकांश आपत्तियाँ खारिज की गई। अतः परीक्षार्थी अंको में वृद्धि की सम्भावना मात्र पर आपत्ति नहीं करे वास्तविक त्रुटि एवम् तथ्यों के आधार पर ही आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि बोर्ड एवम् उनका अनावश्यक समय श्रम व धन व्यर्थ नहीं हो।
6. माध्यमिक परीक्षा के अंग्रेजी, विज्ञान व गणित विषय की पुनःजांच के पश्चात् बोर्ड द्वारा प्रदत्त अंक ही अन्तिम एवं मान्य होगें, इसके विरुद्ध किसी भी प्रकार की अपील स्वीकार नहीं होगी।
7. **संवीक्षा/आपत्ति/पुनःजांच (Re-examination) में अंकों में वृद्धि होने पर अंकों में वृद्धि की जाएगी अथवा अंकों में कमी होने पर अंकों में कमी भी की जाएगी एवं तद्नुसार जारी अंकतालिका मान्य व प्रभावी होगी।**
8. उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध होने पर ही आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जावेगी। यदि कतिपय कारण से उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध नहीं हुई तो कार्य समाप्ति पर प्राप्त शुल्क अथवा आंशिक उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने पर आंशिक प्राप्त शुल्क लौटा दिया जावेगा। इस हेतु आवेदक किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं रहेगा। परीक्षार्थी को आवेदित विषयों की उत्तर–पुस्तिका उपलब्ध कराई जावेगी। अतः परीक्षार्थी विषयों का चयन ध्यानपूर्वक करें। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद परिवर्तन सम्भव नहीं होगा। इसी प्रकार परिणाम आदि कार्यवाही में यथोचित समय लगना स्वाभाविक हैं अतः समय अवधि के लिए कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

(04) <u>आवेदकों/अभिभावकों से अपील</u> :–

1. बोर्ड द्वारा छात्रों के भविष्य/अग्रिम प्रवेश आदि को दृष्टिगत रखते हुए आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष प्रयास किये जाते है।
2. बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित किये जाने के बाद तथा एक साथ बड़ी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होते है। यह अत्यन्त श्रम साध्यपूर्ण कार्य है, इनके निस्तारण में सभी सार्थक प्रयासों के बाद भी यथोचित समय लगना स्वाभाविक है।
3. अतः परीक्षार्थियों/अभिभावकों से अपील है कि उनका नम्बर आने तक धैर्य बनाये रखें। अनावश्यक जल्दी नहीं करें व अनावश्यक फोन भी नहीं करें। बोर्ड विद्यार्थी हितों के प्रति सदैव चिंतित एवं संवेदनशील रहता है।
4. परीक्षार्थी अपने संवीक्षा आवेदन की वर्तमान स्थिति (Status) बोर्ड वेबसाईट पर "SCRUTINY-2026" लिंक पर पर देख सकते हैं ।
5. **परीक्षार्थी/अभिभावक अपने वर्तमान परिणाम को ही आधार मानकर अग्रिम कार्यवाही यथा प्रवेश/ परीक्षा आदि में प्रवेश लें। संवीक्षा आवेदन करने मात्र से यह नहीं माने कि उसके परिणाम में परिवर्तन हो जायेगा। उदाहरणार्थ यदि परीक्षार्थी के पूरक परीक्षा है तो वह पूरक परीक्षा की तैयारी कर निर्धारित तिथियों में आवेदन कर परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा में प्रविष्ट हो। इसी प्रकार की कार्यवाही अनुत्तीर्ण अथवा अन्य में भी की जावें।**
6. परीक्षार्थियों/अभिभावकों को यह भी जानकारी के लिये सूचित किया जाता है कि केवल नगण्य (अति न्यून) संख्या में अंकों/परिणाम परिवर्तन होतें हैं।

7. **परीक्षार्थी/अभिभावक को जानकारी के लिए यह भी सूचित किया जाता है कि संवीक्षा/आपत्ति/पुनःजांच (Re-examination) में अंकों में वृद्धि होने पर अंकों में वृद्धि की जाएगी अथवा अंकों में कमी होने पर अंकों में कमी भी की जाएगी एवं तद्नुसार जारी अंकतालिका मान्य व प्रभावी होगी।**

8. प्राप्त आवेदनों का निस्तारण प्रक्रियानुसार क्रमबद्ध/परीक्षावार किया जावेगा इसमें लगने वाले यथोचित समय/विलम्ब अथवा अन्य प्रभाव के लिये आवेदक किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं रहेगा।

9. उपरोक्त के पश्चात भी किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0145–2632068 पर कार्यालय समय/कार्य दिवसों में सम्पर्क करें। विशेष अनुरोध है कि बोर्ड के पास बडी संख्या में टेलीफोन आते है। अतः अनावश्यक टेलीफोन नहीं करें केवल अत्यावश्यक जानकारी हेतु ही टेलीफोन करें। अपने परिणाम की वर्तमान स्थिति (Status) हेतु बोर्ड वेबसाईट "SCRUTINY-2026" लिंक पर समय–समय पर देखते रहें।

शुभकामनाओं सहित।

**सचिव**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **सन्दर्भित वेबसाईट** – | **1. बोर्ड वेबसाईट** | - | **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** |
| | **2. उत्तर–पुस्तिका लिंक** | - | **''SCRUTINY-2026''** |
| | **3. संवीक्षा नियत्रंण कक्ष** | - | **0145–2632068** |

# HOW TO APPLY


1. छात्रों को सलाह दी जाती है की वे स्क्रूटिनी फॉर्म और नियम पर क्लिक कर के अच्छी तरह से पढ़ले |

2. किसी भी संदेह / समस्या के मामले में, छात्रों को ईमेल **bsermarks@gmail.com** या **+91-7339856524** पर कॉल करने की सलाह दी जाती है।

# STEPS TO APPLY


1. दिए गए "**First time user New registration**" बटन पर क्लिक करें । पंजीकरण / लॉगिन पृष्ठ के साथ एक वेब पेज प्रदर्शित किया जाएगा ।

2. पहली बार पंजीकरण करने वाले छात्र "**New Registration**" बटन पर क्लिक करे | क्लिक करने के बाद पंजीकरण फॉर्म वाला एक वेब पेज प्रदर्शित किया जाएगा ।




छात्र यह सुनिश्चित करते हैं कि फॉर्म में दर्ज मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी वैध और सही हैं ।


3. **SMS** द्वारा **OTP** भेजने के लिए "**Register**" बटन पर क्लिक करें । आपको अपने मोबाइल और ईमेल आईडी पर एक ओटीपी नंबर प्राप्त होगा ।




4. टेक्स्ट बॉक्स में **OTP** दर्ज करें और "**Register**" पर क्लिक करें । यदि नेटवर्क समस्याओं के कारण **OTP** प्राप्त नहीं हुआ है, तो कृपया अपने दर्ज किये गए मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को जांच ले ।

5. यदि छात्र ने सही **OTP** दर्ज किया गया है, तो पंजी करण संख्या और पासवर्ड को छात्र द्वारा प्रदान की गई ईमेल पर भेज दिया जाता है |

6. छात्र यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर लॉगिन कर सकता है । लॉगिन के बाद, छात्र द्वारा दर्ज किए गए डेटा के साथ एक नया वेबपेज और सभी विषय प्रदर्शित किए जाएंगे । तब वह उन विषयों का चयन कर सकता है जिन्हें वह पुनर्योग प्राप्त करना चाहता है । छात्र आवेदन करने और जारी रखने के लिए "**Save**" बटन पर क्लिक करे ।




7. चयन करने के बाद, क्लिक "PAY NOW" बटन और भुगतान जारी रखें ।

8. रिटोटलिंग की स्थिति जानने के लिए, छात्र को अपने आईडी और पासवर्ड मिलने का इंतजार करना होगा । जो की 10 दिन के अंदर उससे SMS या eMail से प्राप्त कराया जायेग ।